<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>एल्युमिनाई की अहम भूमिका होगी विश्वविद्यालय के सुद्रढीकरणः कुलपति</u>

पंतनगर। 6 मई 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में आज विश्वविद्यालय के एल्युमिनाई संगठन (4ए) की नई कार्यकारिणी के सदस्यों को मुख्य अतिथि कुलपति एवं एल्युमिनाई संगठन के अध्यक्ष डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में एल्युमिनाई संगठन के सचिव एवं प्रमुख समन्वयक डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य उपस्थित का स्वागत करते हुए पिछले वर्षों में संगठन द्वारा किये गये कार्यों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गयी। तदोपरान्त नई कार्यकारिणी के सदस्यों यथा डा. ए.एस. जीना, प्राध्यापक अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग (उपाध्यक्ष–I), डा. सलिल के. तिवारी पूर्व विद्यार्थी (उपाध्यक्ष–II), डा. अनिल कुमार, प्राध्यापक, पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग (सचिव) डा. राजीव रंजन, सहायक प्राध्यापक, पशुचिकित्सा एवं पशु पालन विज्ञान महाविद्यालय (संयुक्त सचिव–I), डा. उषा पन्त, वरिष्ठ शोध अधिकारी, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग (संयुक्त सचिव–II) तथा 1970 बैच के कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्र डा. अनिल कुमार बंसल द्वारा कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर 1966 बैच के पूर्व छात्र इन्जीनियर एम.के. अग्रवाल, श्री अनिल कुमार बंसल, पूर्व सचिव डा. सुनिता टी. पाण्डे एवं डा. दीपा विनय तथा नयी कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा विचार प्रस्तुत किये गये।

मुख्य अतिथि द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि विश्वविद्यालय से लगभग 46 हजार विद्यार्थी उपाधि प्राप्त कर देश एवं विदेश में अपना योगदान दे रहे है और विश्वविद्यालय की गतिविधियों को सुदृढ करने के लिए उनको जोड़ने हेतु गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता है। पूर्व छात्रों का योगदान किसी भी संस्थान के सुदृढीकरण में अहम भूमिका रखता है। उनके साथ लगातार संपर्क से केवल विश्वविद्यालय का ढांचागत विकास ही नहीं होगा अपितु विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रोजगार प्राप्त में भी सहायता प्राप्त होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय, नियंत्रक श्रीमती आभा गरखाल, विभिन्न विद्यालयों के अधिष्ठाता एवं निदेशगण तथा पूर्व कार्यकरणी के सदस्य एवं विभिन्न महाविद्यालयों के एल्युमिनाई संगठन के समन्वयक उपस्थित थे।